रजिस्ट्री सं० डी-222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 38] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 22, 1973 (भाद्र 31, 1895)

No. 38] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 22, 1973 (BHADRA 31, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 12 फरवरी 1973 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned Gazettes of India Extraordinary were published up to the 12th February 1973 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject

—शून्य—

-Nil--

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the Gazettes Extraordinary mentioned above will be supplied on Indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller with in ten days of issue of these Gazettes.

241 GI/73

विषय-सूची

पृष्ठ nvs

«TIT I—tf* 1—{Km «f«im TtwtT«T) . . 813

arnnwr am ^rrtt *t i^ trwO arwtf ^t Pr'jPra'ft, T^tsftnft, . 1463

rm I—tft 3—vsn imi^T gTT srrft ^t aft tfvwf ?t snatfarcr arfa^Jrnt . —

HPT I—^s 4—^WT *i«wi {[RT ^rrft ^t . . 1055

UTT 11-^^^ 1—STftfTTTj BTWT^T aflT . . . —

«m II—«re 2—ftra»ro sft^: fi^rwt ntrft . —

HH II—«r»3—^r?nr(i)—(WT^T^TIT «t wlfd^;) %^ifw srifwRt ffrrr anxt 3»T^ fair *qr ?mnni f;pm (f^rqt anft BffcTfaT f I) . • . 1825

m*r II—we a—^wfi (ii)--(wj n^r- 3i vpwfa T^IT sfr^: srifi fa^ ntr . . . 3105

293

«IHT HI—^ 1—*V*m TTTWV, e«T «fh»- afk wroi trwiT: ^r BrtftT <mi ^T«T vmf«wf ST^T srrft ^St it stfir^p^rn? . 3561

mi in—ti* 2—tj^w vrif^ni, xmvm 489

VTJJ in—v* 3—^«q arpTfiff JPI ^rr ^rti snftren: fc irft ^ «rf arftr^n^ 43

*nT in—i$lt 4—WOT f^fJiift SRT^T^ jpt it ftfTu 3rfa^-frtT r^i^ arfij- g^nt anwr, f^jrpnr aft^ itftg frrfasr f . . . 1753

mi IV—»k-w^?rKt wrfiRptf af^: 'tt- 175

TW HWT 38—

15 ftTd*3R, 1973 ^^TOl^g^^^TOT^ . 1197

25 aPHKr 1973^ 9TF3 ^ *T^ fT^TT? %^TH TTTsr $ 30,000 ^r^ ^?ra arfOT 3TPTRt % wifiii ^ 3f?»T 'mr T^ 1205

CONTENTS

	PAQE
PART I—SECTION 1.—Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Retolutiona issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	S13
PART T—SECTION 2.—Notifications re^ardinc Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued bv the Mlnistrie« of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1463
PA*T I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolution!! issued by the Ministry of Defence	
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointment*, Promotions, Leave etc, of Officers issued by the Ministry of Defence.	1055
PA»T II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Reguladoiu	—
PAET II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PAKT II—SECTION 3.—SUB.SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (Other than the A4mjr4stratlpns of Union Terr{tone» ..	1825

	PAQB
PART II.—SECTION 3.—SUB.SBC. (ii)—Statutory Order* and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Teniiorie») ..	3105
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Order* notified by the Ministry of Defence ..	293
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	3561
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices. Calcutta ..	489
PART IIJ—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	43
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1753
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	175
SUPPLEMENT NO. 38	
Weekly Epidemiologica.1 Reports for week ending 15th September 1973, ...	H97
Births and Deaths from Principal disewei in towns with a population of 30.000 and over in India duririK week ending 25ft August 1973.	Iiu5

भाग 1—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Roles, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) **and by** the **Supreme** Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1973

सं० 44 -प्रेज/73 —राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण कर्तव्यनिष्ठा अथवा साहस के कार्यों के लिये नौसेना मैडल प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कमांडर तेज कृष्ण सचदेव (एक्स)
भारतीय नौसेना ।

बंगलादेश में सुरंग साफ करने की संक्रियाओं के दौरान कमांडर तेज कृष्ण सचदेव सुरंग हटाने वाले स्क्वाड्रन के वरिष्ठ अधिकारी थे । पाकिस्तान की नौसेना ने किसी भी आक्रमण के विरुद्ध रक्षात्मक उपाय के रूप में बंगला देश के तटीय क्षेत्रों और विभिन्न बन्दरगाहों के आस-पास सुरंगें बिछा दी थीं । संघर्ष के उपरान्त इन सुरंगों को हटाया जाना आवश्यक था, क्योंकि इन बंदरगाहों में कोई भी जहाज सुरंग फट जाने से नष्ट होने का खतरा उठाये बिना प्रवेश नहीं कर सकता था । कमांडर सचदेव को इन सजीव सुरंगों के साफ करने की योजना बनाने तथा उसे अत्यधिक शीघ्रता से कार्यान्वित करने का आदेश दिया गया था । नौसेना के इतिहास में यह सर्वप्रथम अवसर था, जब भारतीय नौसेना के पोत सुरंगों को साफ करने के कार्य पर लगाए गये । इस कार्य को सम्पन्न करने के लिये विस्तृत योजना आवश्यक सामान और हिस्से पुर्जों के संग्रह और कार्मिकों को व्यापक प्रशिक्षण देने की आवश्यकता थी । उन्होंने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए विशेष सावधानी और निपुणता से इन संक्रियाओं को पूरा करने के लिये योजना बनाई और बिना किसी दुर्घटना के अति अल्पकाल में ही चटगांव से परे सुरंग क्षेत्रों में 20 मील लम्बे और एक मील चौड़े जल मार्ग की स्थापना की ।

अद्योपान्त कमांडर तेज कृष्ण सचदेव ने साहस नेतृत्व, और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

2. लेफ्टिनेन्ट कमांडर भूपेन्द्र सिंह अचरेजा (एक्स)
भारतीय नौसेना ।

लेफ्टिनेन्ट कमांडर भूपेन्द्र सिंह अचरेजा को जुलाई 1958 में कमीशन मिला और उन्होंने मई 1959 में पायलट के रूप में अर्हता प्राप्त की । भारतीय नौसेना वायु स्क्वाड्रन के लिये चुने जाने पर जुलाई 1961 में बरतानिया में विमानवाहक पर कार्यरत हुए । भारतीय नौसेना वायु स्क्वाड्रन के अपने सर्वप्रथम कार्यकाल में उन्होंने 300 घण्टे से ज्यादा उड़ानें भरीं तथा 125 डेक-अवतरण किये । वे अग्रपंक्ति लड़ाकू स्क्वाड्रन में तीन कार्यकाल समाप्त कर चुके हैं और इस अवधि में उन्होंने सी-हाक्स में 650 घंटे से अधिक उड़ानें पूरी कर ली हैं । तथा बिना किसी दुर्घटना के विमान-वाहक पर दिन-रात में 260 डेक-अवतरण किए हैं । इस स्क्वाड्रन में अपने अन्तिम कार्यकाल के दौरान वे भारतीय वायु स्क्वाड्रन के वरिष्ठ पायलट थे । मार्च 1965 में विमान वाहक से उड़ान भरते समय उन्होंने सी-हाक पर आपत्कालीन नाका रोधिका अवतरण किये । केवल मात्र वे ही ऐसे एक विमान चालक हैं, जो वायुयान को लेशमात्र भी क्षति पहुंचाए बिना पोत पर आपत्कालीन रोधिका अवतरण करने में सफल हुए । वे उस हवाई करतब दल के सदस्य थे, जिसने 1971 में आमन्त्रित अतिथियों के लिये आयोजित विभिन्न अभ्यासों और प्रदर्शनी के दौरान सराहनीय कार्य किया ।

अद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट कमांडर भूपेन्द्र सिंह अचरेजा ने साहस और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

3. लेफ्टिनेन्ट कमांडर शैलेश रंजन देव गुप्ता (एक्स)
भारतीय नौसेना ।

लेफ्टिनेन्ट कमांडर शैलेश रंजन देव गुप्ता उस हेलीकाप्टर के कप्तान थे जिसे 18 दिसम्बर 1971 को मदुराई के निकट बाढ़ग्रस्त नागरिकों को बचाने के कार्य करने के लिये भेजा गया था । मौके पर पहुंच कर उन्होंने देखा कि सारा क्षेत्र बाढ़ग्रस्त है और बचे हुए लोग वृक्षों, टेलीफोन के खम्भों तथा अन्य तैरती हुई वस्तुओं पर बैठे हुए हैं । किसी भी स्थल पर हैलीकाप्टर का उतारना संभव न था । बचे हुए लोगों को बचाने का केवल एक ही तरीका था कि उन्हें चर्खी द्वारा ऊपर खींचा जाए और यह तरीका जोखिम पूर्ण था । ये बचे हुए लोग मानसिक आघात से ग्रस्त थे जिसके कारण यह समस्या अधिक जटिल हो गयी थी । बाढ़ पीड़ितों को बचाने का कार्य इतना संकटपूर्ण और जोखिम भरा था कि उन्हें बचाने के कार्य में इसी क्षेत्र में कार्य करने वाला एक असैनिक हेलीकाप्टर पहले ही नष्ट हो गया था । इन विकट संकटों के बावजूद उन्होंने संक्रिया आरम्भ कर दी और अपने हेलीकाप्टर से एक सदस्य को रस्सी से नीचे लटकाया जिसने बचे हुए लोगों के बचाव पट्टी (स्ट्रेप) तक पहुंचने में सहायता की । इस प्रकार वे एक बच्चे सहित 18 बचे हुए लोगों को बचाने में सफल हुए ।

इस तरह लेफ्टिनेन्ट कमांडर शैलेश रंजन देव गुप्ता ने अपने व्यावसायिक कौशल, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

4. लेफ्टिनेन्ट कमांडर जय गोपाल (एक्स)
भारतीय नौसेना ।

लेफ्टिनेंन्ट कमांडर जय गोपाल नौसेना के सर्व प्रथम प्रेक्षक थे। जिन्हें भारतीय वायु सेना में मार्ग निर्देशन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये चुना गया था। मार्ग निर्देशन का प्रशिक्षण समाप्त करने पर उन्हें भारतीय नौसेना के वायु स्क्वाड्रन के लिये फ्रांस भेजने के लिये चुना गया। वे अग्र-पंक्ति स्क्वाड्रन में भारतीय नौसेना स्क्वाड्रन के वरिष्ठ प्रेक्षक के रूप में पूरा किये गये कार्यकाल, सहित, 4 कार्यकाल समाप्त कर चुके हैं। इस स्क्वाड्रन में अपने 6 वर्ष के सेवा काल में उन्होंने एलाइज वायुयान पर 1500 घन्टे से अधिक उड़ाने भरीं। नवम्बर 1968 से सितम्बर 1970 तक की अवधि में उन्होंने एलाइज वायुयान पर कुल 543. 10 घंटों की उड़ानें की। विमान-वाहक और तट वायु स्टेशन पर अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सराहनीय सेवा की है। वे पहले प्रेक्षक थे, जिन्होंने परीक्षा पास करके ऐरोनाटिकल सोसाइटी आफ इंडिया की ऐसोसियेटिड मेम्बरशिप की अर्हता प्राप्त की। इस स्क्वाड्रन में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने गोवा तथा 1965 की संक्रियाओं में भी भाग लिया। नौसेना विमानन में उनका विशेष योगदान है।

अद्योपान्त लेफ्टिनेंन्ट कमांडर जय गोपाल ने व्यावसायिक कौशल, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

5. लेफ्टिनेन्ट कमांडर दिलीप चौधरी (एक्स)
भारतीय नौसेना।

लेफ्टिनेन्ट कमांडर दिलीप चौधरी को जुलाई 1958 में कमीशन मिला और उन्होंने 1962 के प्रारंभ में फ्लीट एयर आर्म में प्रेक्षक के रूप में अर्हता प्राप्त की। वे आज नौसेना के अत्यधिक अनुभवी प्रेक्षकों में से हैं। तथा इस समय भारतीय नौसेना के वायु स्क्वाड्रन में वरिष्ट प्रेक्षक के पद पर आसीन हैं। वे वायु स्क्वाड्रन के प्रेक्षक के रूप में और एक बड़े पोत में स्क्वाड्रन संचार अफसर के रूप में बखूबी सेवारत हैं। 1965 की संक्रियाओं के दौरान, वे उन वायुयानों की उड़ान के डिटेचमेंन्ट कमांडर रहे जिन्होंने पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु के रडार के स्टेशनों का पता लगाने का उपयोगी काम किया। उन्होंने अपने कार्मिक के साथ सितम्बर 1965 में 15 दिन की अवधि में समग्र पश्चिमी सीमा के साथ-साथ 60 घंटे से अधिक उड़ानें कीं। ये सारी उड़ानें दिन दहाड़े घमासान युद्ध के दौरान और कई बार उड़ानें लड़ाकू अनुरक्षी वायुयान की सहायता बिना ही की गई थीं। 1971 की संक्रियाओं के दौरान भी, उन्होंने भारतीय नौसेना के वायु स्क्वाड्रन के वरिष्ठ प्रेक्षक के रूप में समस्त कार्य असाधारण कर्तव्यनिष्ठा से पूरा किया। लगभग तीन मास तक यह स्क्वाड्रन अपने मूल स्टेशन से दूर सैनिक कार्यवाही में संलग्न रहा और बम्बई के बन्दरगाहों के जाने के रास्तों की निरन्तर चौकसी करता रहा। इस काम को पूरा करने के लिये कठिन परिस्थितियों में चौबीस घन्टे लम्बी और थका देने वाली उड़ानें करना आवश्यक था। इस श्रमसाध्य कार्य में जुटे रहने के बावजूद उन्होंने अथक परिश्रम किया और अपने स्क्वाड्रन कमांडर की यथा आदेश विभिन्न संक्रियात्मक कार्यों की योजना बनाने में सहायता की।

अद्योपरान्त लेफ्टिनेन्ट कमांडर दिलीप चौधरी ने साहस नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

6. लेफ्टिनेन्ट कमाँडर पुरुषोत्तम दत्त शर्मा (एक्स)
भारतीय नौसेना।

लेफ्टिनेन्ट कमाँडर पुरुषोत्तम दत्त शर्मा को जुलाई 1960 में कमीशन मिला और उन्होंने दिसम्बर 1961 में पायलट के रूप में अर्हता प्राप्त की। वे आज नौसेना के अत्यंत अनुभवी पायलटों में से हैं और वर्तमान समय में भारतीय वायु सेना के वायु स्क्वाड्रन जो कि अग्र-पंक्ति लड़ाकू स्क्वाड्रन है, की कमान कर रहे हैं। अग्र-पंक्ति स्क्वाड्रन के अपने सर्वप्रथम कार्यकाल में उन्होंने दिन-रात में सी-हाक पर 350 घन्टे से अधिक उड़ानें और 150 से अधिक डेक-अवतरण पूरे कर लिये हैं। और दिन रात में वे अब तक लगभग 1500 उड़ान घन्टे पूरे कर चुके हैं और 200 से अधिक डेक-अवतरण पूरे कर चुके हैं। उन्होंने वायु युद्ध पद्धति अनुदेशक के रूप में अर्हता भी प्राप्त कर ली है। इस पद पर रहते हुए प्रशिक्षण स्क्वाड्रन और अग्र-पंक्ति स्क्वाड्रन में उनका कार्य बड़ा श्लाघनीय है। उन्हें 1965 और 1971 की दोनों संक्रियाओं के दौरान अग्र-पंक्ति वायु स्क्वाड्रन में सेवा करने का अपूर्व गौरव प्राप्त है। 1971 की संक्रिया के दौरान उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिये उनका वीरता के लिये नामोल्लेख किया गया। उन्होंने जनवरी 1971 में नौसेनाध्यक्ष से भी संस्तुति अर्जित की। उन्हें स्क्वाड्रन के हवाई करतब दल का सदस्य होने का सम्मान प्राप्त है।

अद्योपान्त लेफ्टिनेंन्ट कमांडर पुरुषोत्तम दत्त शर्मा ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

7. लेफ्टिनेन्ट बंसी लाल शर्मा (एक्स)
भारतीय नौसेना।

बंगलादेश में सुरंग साफ करने वाले स्क्वाड्रन के एक पोत की नियुक्ति की गई तो उस पर लेफ्टिनेंन्ट बंसी लाल शर्मा भारतीय नौसेना सुरंग साफ करने वाले, टारपीडो स्क्वाड्रन तथा पन्डुब्बी-रोधी द्वितीय अफसर थे। उन्हें पुसूर नदी में और चटगांव के निकट बिछी हुई संजीव सुरंगों को साफ करने के लिये संक्रियाओं की योजना बनाने, सुरंग मार्जन उपस्कर का पोतारोहण करने और सुरंग-मार्जन कर्मीदल का संचालन करने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया था। यह कार्य उन्होंने अत्यधिक सावधानी और दूरदर्शिता से समपन्न किया। इन सारी संक्रियाओं के दौरान कार्मीदल का मनोबल उच्चकोटि का था तथा उनके प्रेरक नेतृत्व में उस कार्मीदल का सुव्यवस्थित लड़ाकू इकाई के रूप में भली प्रकार से गठन किया गया। फरवरी 1972 में अपने कमान अफसर के अचानक बीमार हो जाने पर उन्होंने कमान संभाली और सुरंगों से पटे समुद्र में से अपने स्क्वाड्रन के अन्य पोतों को, मछली पकड़ने के लिये लगाए गये खूंटों, पोतावशेषों और पाल मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पटे समुद्र के बीच से चटगांव के पास सुरंग मार्जन संक्रियाओं के लिये आगे बढ़ाया। इस अवधि के दौरान उन्हें सर्वप्रथम सजीव सुरंग का पता लगा और उन्होंने उसे सफलता पूर्वक नष्ट कर दिया। भारतीय व्यापारी जहाज विश्व कुसुम के, जिसको चटगांव के तटवर्ती समुद्र में विस्फोट के बाद छोड़ दिया गया था, कैप्टन सहित 34 बचे हुए लोगों को बचाने का श्रेय भी उन्हें प्राप्त है।

अद्योपान्त लेफ्टिनेंन्ट बंसीलाल शर्मा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

8. लेफ्टिनेन्ट अजीत तिवारी (एक्स)
भारतीय नौसेना ।

लेफ्टिनेन्ट अजीत तिवारी भारतीय नौसेना के सुरंग साफ करने वाले पोतों में से एक पोत के कमांडिंग अफसर थे जिन्हें जनवरी 1972 में बंगलादेश में सुरंगें साफ करने के कार्य पर लगाया गया था। पाकिस्तान की नौसेना ने संघर्ष के दौरान किसी आक्रमण के विरुद्ध रक्षात्मक उपाय के तौर पर बंगलादेश के तटीय क्षेत्र में और विभिन्न बन्दरगाहों के रास्तों पर सुरंगें बिछा दी थीं। संघर्ष की समाप्ति पर, इन सुरंगों के साफ करने का कार्य सर्वोपरि महत्व बन गया था, क्योंकि ऐसा किये बिना कोई भी जहाज विस्फोट का खतरा उठाए बगैर इन बन्दरगाहों में प्रवेश नहीं कर सकता था। इसका बंगलादेश के समुद्री व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। उन्हें पुसूर नदी के प्रवेश मार्ग में बिछी हुई ग्राउंड सुरंगों को साफ करने का कार्य सौंपा गया था। इस मार्ग में सुरंगों के साफ करने का बड़ा महत्व था, क्योंकि इसके बिना मंगला और खुलना बन्दरगाहों का प्रयोग नहीं किया जा सकता था। उन्होंने इस कार्य को शीघ्रता से पूरा किया, जिसके लिये उनके पोत को खतरनाक सुरंगें बिछे समुद्र में जाना पड़ा। उथले सागर से, उग्र ज्वार भाटे की परिस्थितियों, दृश्यता की कमी और रात के समय सुरंग साफ करने से इस संकट में काफी वृद्धि हुई ।

अद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट अजीत तिवारी ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

9. सब-लेफ्टिनेन्ट अनूप कुमार महरोत्रा (एक्स)
भारतीय नौसेना ।

सब-लेफ्टिनेन्ट अनूप कुमार महरोत्रा भारतीय नौसेना के उन पोतों में से एक पर सेवारत थे, जिसने अप्रैल 1972 में अंडेमान के उत्तर में स्थित ग्रेट कोको द्वीप के स्थान पर भारतीय जहाजरानी निगम के भूग्रस्त पोतों को उबारने का कार्य किया। इन्हें उबारने की संक्रिया के दौरान उन्हें विभिन्न जहाजरानी क्रमविकाशों का कार्यभार सौंपा गया था। इन कार्यों में दिन रात छाती तक गहरे पानी में से गुजरना, भग्न पोतारोहण समुद्र की सतह पर तार बिछाने के कार्य में अपने दल का पथ-प्रदर्शन 45 गैलन के ड्रमों के सहारे तारों को तैराते रखने तथा नौका में ऊपर बतलाए गए कार्य के लिये कई-कई घंटे गुजारना सम्मिलित थे। उन्होंने उक्त कार्य को बड़े प्रशंसनीय ढंग से सम्पन्न किया। उनकी कर्तव्यनिष्ठा तथा तत्परता उनके दल के सदस्यों के लिये प्रेरणा का स्रोत थी। उनमें व्यवहारिक जहाजरानी के प्रति अभिरुचि तथा पहल शक्ति उत्कृष्ट कोटि की थी ।

इस उबारने की संक्रिया के दौरान सब-लेफ्टिनेन्ट अनूप कुमार महरोत्रा ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

10. गणपत सिंह, मास्टर चीफ पेटी अफसर, द्वितीय श्रेणी
(गोताखोर प्रथम श्रेणी) सं० 43177 ।

24 मार्च 1972 को नौसेना के गोताखोरों को बम्बई में बर्माशैल रिफाइनरी लिमिटेड की जलस्थ संस्थापनाओं की रुकावटों को हटाने का कार्य सौंपा गया था। यह काम दो दिन में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। इन गोताखोरी के सम्पूर्ण संक्रिया के दौरान मास्टर चीफ पेटी अफसर गणपत सिंह ने लम्बी अवधि तक प्रतिकूल परिस्थितियों में पानी के भीतर रह कर कार्य किया और गाइडों तथा सिल और अन्य दरवाजों की खुलने वाली सतह से कड़ियों (बारनेक्लस) और दूसरे समुद्री झाड़ झंकाड़ को हटाया। पानी में कुछ न दिखाई पड़ने की स्थिति में भी गाइडों में लोहे के भारी अन्य दरवाजों को गाइड करने में अद्भुद कौशल का प्रदर्शन किया। इसके तुरन्त बाद, उन्होंने भावनगर में 2 अप्रैल 1972 से 10 अप्रैल 1972 तक गोताखोर संक्रियाओं में भाग लिया। इस क्षेत्र में तेज और विकराल जलधाराओं के नीचे गोतामारी का कार्य चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा था। एक बार पुनः, उन्होंने अवसर के अनुसार कार्य किया और भारी निजी जोखिम उठा कर बार-बार गोते लगाए। गोताखोरी में उनके संकल्प और कौशल से उनके सहयोगी गोताखोर को बड़ा प्रोत्साहन मिला जो कि उनकी सहायता कर रहा था। पानी के भीतर कार्य करने में उन्होंने जो साहस व निपुणता दिखाई वह सराहनीय चमत्कार था, जिसे कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।

अद्योपान्त मस्टर चीफ पेटी अफसर गणपत सिंह ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

11. जिबानन्द थपलियाल, पेटी अफसर
(गोताखोर द्वितीय श्रेणी) सं० 46993 ।

अप्रैल 1972 में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के अनुरोध पर एक नौसेना गोताखोर दल को गोताखोरी के लिये भावनगर भेजा गया था। 2 अप्रैल 1972 से 10 अप्रैल 1972 तक गोताखोरी के दौरान जिबानन्द थपलियाल, पेटी अफसर, दल के सदस्य थे। गोताखोरी के स्थान पर तेज ज्वार भाटे, जोखिमभरी अंर्तजलीय धाराओं तथा जल के भीतर शून्य-दृश्यता की स्थिति ने गोताखोरी को संकटमय बना दिया था। इन अड़चनों के बावजूद, उन्होंने स्वेच्छापूर्वक स्वयं भारी जोखिम उठाते हुए गोता लगाने के कार्य को अपने जिम्मे लिया। वह दीर्घकाल तक जल में रहे और अपने साथी गोताखोर को अमूल्य सहायता एवं नैतिक बल प्रदान किया। एक सप्ताह की गोताखोरी की संक्रियाओं के दौरान, लम्बे समय तक पानी के भीतर ठहर कर गोता लगाने के प्रयासों में समय और श्रम की बचत की, क्योंकि नये गोताखोरों को जल में अभ्यास के लिए काफी समय लग जाता है। उन्होंने अति उग्र ज्वार भाटे की धाराओं में तथा शून्य-दृश्यता की परिस्थितियों में पानी में बोझिल ऐनोडों को उठाये रखने में अत्यधिक धैर्य एवं दक्षता दिखाई ।

अद्योपान्त पेटी अफसर जिबानन्द थपलियाल ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

12. मोहनदास पेरीनचेरी, लीडिंग एयर हैन्डलर (एयर क्रू गोताखोर) सं० 89175 भारतीय नौसेना ।

मोहनदास पेरीनचेरी एक हैलीकाप्टर पर विंच आपरेटर थे, जिसको तमिलनाडु सरकार के अनुरोध पर 18 दिसम्बर 1971 को मदुराई के निकट वेगल नदी में आई बाढ़ में घिरे नागरिकों के बचाव के काम पर लगाया गया था। बचे हुए लोग वृक्षों, तार के खम्भों एवं अन्य तैरती हुई वस्तुओं पर बैठे हुए थे। आघात तथा थकान के कारण उनका मानसिक और शारीरिक बल क्षीण हो गया था। बचे हुए लोगों को बचाने का केवल एक ही तरीका था था कि उन्हें चर्खी द्वारा ऊपर खींचा जाय। इस संक्रिया के लिए

उच्चतम स्तर की मानसिक एकाग्रता एवं दक्षता अपेक्षित थी। उन्हें बचे हुए लोगों को केवल चर्खी द्वारा ऊपर ही नहीं उठाना था, बल्कि सही स्थल पर परिभ्रमण करने के लिए हैलिकाप्टर चालक का मार्ग दर्शन करने और उसे निकटवर्ती बाधाओं के बारे में चेतावनी देने का कार्य सौंपा गया था। सीमित ईंधन के कारण चर्खी द्वारा ऊपर खींचने की संक्रियाओं में अत्यधिक तत्परता एवं शीघ्रता की आवश्यकता थी। उन्होंने ऊपर खींचने का कार्य बड़ी दक्षता, कर्त्तव्यनिष्ठा तथा असाधारण एकाग्रता के साथ पूरा किया तथा इस प्रकार 18 बचे हुए लोगों को बचाया, जिनमें एक छोटा बालक भी था।

आद्योपान्त मोहनदास पेरीनचेरी, लीडिंग एयर-हैन्डलर ने साहस एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

13. धर्म प्रकाश, नाविक प्रथम श्रेणी,
यू० डब्ल्यू० 3 (पोत गोताखोर) सं० 91956।

पाकिस्तानी सेना ने ढाका में आत्म-समर्पण करने से पूर्व कर्णफुली नदी में प्रचुर मात्रा में नोट और सिक्के तथा अन्य अमूल्य वस्तुएं फैंकी थीं। 3 जुलाई 1972 को, बंगलादेश के बैंक के अनुरोध पर सिक्कों तथा अन्य कीमती वस्तुओं की पुनराप्ति के लिए भारतीय नौसेना गोताखोरों ने चटगांव के स्थान पर गोताखोर संक्रियाओं का कार्य संभाला। धर्म प्रकाश, नाविक प्रथम श्रेणी ने सात दिन तक गोताखोर संक्रियाओं में भाग लिया। कर्णफुली नदी छः नाटों की औसत गति पर बहती है। इसलिये गोताखोर संक्रियाओं का संचालन केवल भाटे के समय किया जा सका, जबकि जलप्रवाह धीमी गति से था। परन्तु भाटा बहुत थोड़ी अवधि के लिए होता था तथा उन गोताखोरों को अधिकतम कार्य के लिए बड़ी तेजी से कार्य करना पड़ा। आठ महीने गुजर चुके थे, जबकि सिक्कों तथा अन्य कीमती पदार्थों को नदी में फैंका गया था तथा ये गाद में बहुत नीचे दब गये थे। इन विपरीत परिस्थितियों की परवाह न करते हुए यह नाविक दृढ़ निश्चय तथा उच्चतम कर्त्तव्य-भावना से प्रेरित होकर इस काम में जुट गया। बहुत से मौकों पर, अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह न करते हुए, नाविक ने पुनराप्ति संक्रियाओं को सफल बनाने हेतु गोते लगाये। इन संक्रियाओं के दौरान बड़ी मात्रा में सोने और चान्दी के आभूषणों तथा कुछ वस्त्रों एवं गोलाबारूद के अलावा, उन्होंने 46,517 पाकिस्तानी रुपयों के मूल्य के सिक्के भी पुनः प्राप्त किए। इनकी पुनराप्ति में धर्म प्रकाश बहुत सहायक सिद्ध हुए।

आद्योपान्त धर्म प्रकाश, नाविक प्रथम श्रेणी, ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

14. रामचन्द्र अथीरमन, इंजन कक्ष परिशिल्पी, तृतीय श्रेणी, सं० 52576, भारतीय नौसेना।

रामचन्द्र अथीरमन, इंजन कक्ष परिशिल्पी, भारतीय नौसेना के सुरंग साफ करने वाले पोतों में से एक पर, जिन्हें बंगलादेश में सुरंगे साफ करने पर लगाया गया था, सेवारत थे। यह पोत की उच्च संक्रियात्मक तत्परता बनाये रखने के लिये उत्तरदायी थे। उन्हें इस बात का श्रेय है कि तटवर्ती सुरंग साफ करने वाला एक छोटा पोत बम्बई से बंगलादेश तक 2500 मील का फासला तय कर सका, हालांकि इस से पहले जहाज के इंजनों को पाकिस्तान की लड़ाई के दौरान अत्यधिक चलाया गया था। सुरंग साफ करने की संक्रियाओं के दौरान, अपने आराम की परवाह न करते हुए, सीमित साधनों का प्रयोग करके एवं इंजन की त्रुटियों का परिशोधन करते हुए उन्होंने निरन्तर कार्य किया। जब पोत पुसूर नदी में सुरंग साफ करने के कार्य में लगा हुआ था तो इसके पल्स जेनरेटर में कुछ खराबी हो गई। परिशिल्पी अथीरमन अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह न करते हुए जेनरेटर कक्ष में नीचे गए जबकि पोत सुरंग-क्षेत्र में था, उन्होंने इसकी त्रुटियों को दूर किया तथा पोत को सफलता पूर्वक अपना कार्य सम्पन्न करने के योग्य बनाया। जब पोत बन्दर-गाह की ओर वापिस लौट रहा था तो एक डीजल-जेनरेटर में आग लग गई जिससे चारों तरफ धुआं फैल गया। मुख्य इंजनों तथा इंधन-टंकी की ओर आग फैलने की संभावना हो गई। जेनरेटर की ईंधन-सप्लाई को काटकर ही आग पर नियंत्रण पाया जा सकता था। परिशिल्पी अथीरमन पोत के खतरे को समझते हुए, इंजन-कक्ष में घुस गए तथा ईंधन की सप्लाई को बन्द कर दिया। इस कार्य के दौरान वह अचेत होकर गिर पड़े और उन्हें बाहर निकाला गया तथा उन्हें कृत्रिम सांस दिया गया।

आद्योपान्त रामचन्द्र अथीरमन, इंजन कक्ष परिशिल्पी ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

सं० 45-प्रेज/73—राष्ट्रपति निम्नांकित को नौसेना मैडल का बार प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

कमांडर अमरीक सिंह (एक्स) एन० एम०, वी० एस० एम०, भारतीय नौसेना।

कमांडर अमरीक सिंह उस भारतीय नौसेना पोत के कमांडिंग अफसर थे, जिसने अप्रैल 1972 में अंडमान द्वीपों के उत्तर में ग्रेट कोको द्वीप के निकट भारत के जहाजरानी निगम के भूग्रस्त तीन जलयानों को उबारने का कार्य किया था। जब वह अंडमान द्वीपों की ओर जा रहे थे, तभी उन्हें उन पोतों को उबारने का आदेश मिला। वहां पहुंचकर उन्होंने देखा कि वे पोत खराब मौसम के कारण उत्पन्न प्रचण्ड लहरों के थपेड़ों से समुद्र तल की चट्टानों से टकरा कर बुरी तरह क्षति-ग्रस्त हो चुके थे। पोत चट्टानों में बुरी तरह फंस गये थे, जिसके कारण उनको उबारना और भी दुष्कर हो गया था। अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कमांडर अमरीक सिंह ने न केवल इन पोतों के उबारने तथा खींचने वाले गियर को जोड़ने के व्यवस्था की, बल्कि अपने जहाज का घिरे जलक्षेत्र में सुरक्षित नौचालन सुनिश्चित किया। उन्होंने स्थानीय लोगों के प्रति अत्यन्त व्यवहार कुशलता का भी प्रदर्शन किया, जिससे प्रभावित होकर उन्होंने इनके पोत को हर संभव सहायता प्रदान की।

इस संक्रिया में कमांडर अमरीक सिंह ने साहस, नेतृत्व एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

अशोक मिल, राष्ट्रपति के सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 12 सितम्बर 1973

सं० 46-प्रेज/73—राष्ट्रपति सहर्ष यह निदेश देते हैं कि दिनांक 17 जनवरी, 1973 की अधिसूचना सं० 2-प्रेज/73 एवं

3-प्रेज/73 के अन्तर्गत दिनांक 27 जनवरी, 1973 के भारतीय राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित पूर्वी स्टार एवं पश्चिमी स्टार मैडल सम्बन्धी संविधि में निम्नलिखित संशोधन किया जाय, अर्थात् :—

1. पृष्ठ 101 पर

पश्चिमी स्टार से सम्बन्धित अधिसूचना सं० 3-प्रेज/73, दिनांक 17 जनवरी, 1973, के पंचम खण्ड के उप पैरा (ख) (ii) में से "भीटा, चरबतिया" शब्द निकाल दें ।

2. पृष्ठ 100 पर

पूर्वी स्टार से सम्बन्धित अधिसूचना सं० 2-प्रेज/73, दिनांक 17 जनवरी, 1973, के पंचम खण्ड के उप पैरा (ख) (vii) में "गोरखपुर" शब्द के बाद "भीटा, चरबतिया" शब्द जोड़ दें ।

पे० ना० कृष्णमणि, राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 5 सितम्बर 1973

सं० 3/1/एस० सी० टी० सी०/73—4 सितम्बर 1973 से आरम्भ होने वाली दो वर्ष की कार्यावधि के लिए लोक सभा और राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के कल्याण सम्बन्धी समिति के सदस्य निर्वाचित हुए हैं :—

1. श्री डी० बसुमतारी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री पन्नालाल बारुपाल
3. श्री भागीरथ भंवर
4. श्री भानसिंह भौरा
5. श्री बी० एस० चौहान
6. श्री दशरथ देव
7. श्रीमती गंगा देवी
8. श्री डी० कामाक्षैया
9. श्री जेड० काहनडोल
10. श्री जी० वाई० कृष्णन
11. श्री गजाधर माझी
12. श्री योगेश चन्द्र मुर्मु
13. श्री प्रताप सिंह
14. श्रीमती सहोदराबाई राय
15. श्री रामकंवर
16. श्री शक्ति कुमार सरकार
17. श्री चन्द्रपाल शैलानी
18. श्री शम्भू नाथ
19. श्री वी० तुलसीराम
20. श्री आर० पी० उलगनम्बी

राज्य सभा

21. डा० जेड० ए० अहमद
22. श्री तोदक बसर
23. श्री जमनालाल बेरवा
24. श्री एन० पी० चौधरी
25. श्री कल्याण चन्द्र
26. श्री एन० एच० कुम्भारे
27. श्री भैया राम मुंडा
28. श्री सुन्दरमणि पटेल
29. श्रीमती सरोज खापरडे
30. श्री श्याम लाल यादव

श्यामलाल शकधर, सचिव

कृषि मंत्रालय
(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 अगस्त 1973

संकल्प

सं० 7/9/73-बीज विकास—प्रजनक/केन्द्रक आधारभूत बीजों के उत्पादन की विधियों को सुचारू बनाने के लिए कदम उठाने का प्रश्न भारत सरकार के विचाराधीन रहा है ताकि किसानों को बढ़िया किस्म के बीज उपलब्ध कराना सम्भव हो सके। भारत सरकार ने बीज पुनरीक्षण दल और राष्ट्रीय कृषि आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के पश्चात यह निर्णय किया है कि प्रजनक और आधारभूत बीजों के उत्पादन और वितरण को सुचारू रूप देने के लिए एक समन्वय समिति गठित की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बीज उत्पादन कार्यक्रम ठोस आधार पर संगठित किए गए हैं। इस समिति का गठन निम्नलिखित रूप से किया जाएगा :—

1. अपर सचिव (आदान) — अध्यक्ष
2. उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ।
3. से 10. तक — धान, गेहूं, सोरघम, मोटे अनाज तथा अन्य फसलों पर जिसमें सब्जियां भी शामिल हैं, अखिल भारत समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं के समन्वयक ।
11. से 15. तक — कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य अनुसंधान संस्थानों के पांच प्रतिनिधि ।
16. से 20. तक — राज्य सरकारों के पांच प्रतिनिधि ।
21. प्रबन्ध निदेशक, राष्ट्रीय बीज निगम ।
22. प्रबन्ध निदेशक, भारतीय राज्य फार्म निगम ।
23. अध्यक्ष, तराई विकास निगम ।
24. उपसचिव (इंचार्ज बीज), कृषि विभाग, भारत सरकार — संयोजक

2. इस समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे :—

(1) देश में उपयुक्त प्रजनक बीजों का उत्पादन करने वाले यूनिटों को अभिज्ञात करना और उन्हें स्थापित करना ।

(2) राज्य सरकारों की सलाह से देश में उपयुक्त आधारभूत बीजों का उत्पादन करने वाली एजेंसियों को अभिज्ञात करना और उन्हें स्थापित करना ।

(3) विभिन्न संस्थाओं में प्रजनक बीजों के उत्पादन कार्यक्रमों को अंतिम रूप देना ।

(4) विभिन्न आधारभूत बीज उत्पादक एजेंसियों को प्रजनक बीजों का निर्धारण करना ।

(5) प्रमाणीकृत/उत्तम बीज उत्पादकों को आधारभूत बीजों के निर्धारण के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत बनाना ।

(6) बीजों के उत्पादन और वितरण कार्यक्रमों के समुचित कियान्वयन संबंधी अन्य मामले ।

3. समिति के सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष होगा।

4. यह समिति अपने कार्य-संचालन और कार्य विधियों के बारे में नियम स्वयं बनाएगी।

5. इस समिति की बैठकें आवश्यकतानुसार हुआ करेंगी किन्तु वर्ष में कम से कम दो बैठकें अवश्य होंगी।

अन्ना आर० जार्ज, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 4 सितम्बर 1973

संकल्प

सं० 25-8/68-एल० डी०-1—इस मंत्रालय के संकल्प संख्या 25-8/68-एल० डी०-1 दिनांक 7 अप्रैल, 1972, संख्या 25-8/68-एल० डी०-1, दिनांक 7 जुलाई 1972 तथा संख्या 25-8/68-एल० डी०-1 दिनांक 1 मार्च 1973 में आंशिक संशोधन करते हुए केन्द्रीय सरकार ने निर्णय किया है कि संकल्प के पैरा 1 की मद संख्या (11) की प्रविष्टि में डा० एच० ए० बी० परपिया, निदेशक, केन्द्रीय खाद्य तकनोलोजिकल अनुसंधान संस्थान मैसूर के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

"डा० वाई० के० आलग, निदेशक, सरदार पटेल समाज तथा अर्थ अनुसंधान संस्थान्, अहमदाबाद।"

बी० सी० कपूर, अवर सचिव

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति निम्नलिखित को भेजी जाए:—

1. सभी राज्य सरकारें /संघ राज्य क्षेत्र
2. लोक सभा सचिवालय
3. राज्य सभा सचिवालय
4. प्रधान मंत्री सचिवालय
5. मंत्रिमंडल सचिवालय
6. माननीय न्यायधीश श्री जी० के० मित्तर, सेवा-निवृत्त न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, 36/4, साउथ 'एन्ड पार्क, कलकत्ता।
7. श्री प्रकाश चन्द्र सेठी, मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश, भोपाल।
8. श्री एम० करुणानिधि, मुख्य मंत्री, तमिल नाडु, मद्रास।
9. श्री सिद्धार्थ शंकर राय, मुख्य मंत्री, पश्चिम बंगाल, कलकत्ता
10. श्री गोस्वामी गिरधारी लाल जी, प्रधान मंत्री, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, भूपेन्द्र भवन, पहाड़ गंज, नई दिल्ली-55।
11. स्वामी योगेश्वर विदेहीहरिजी महाराज, द्वारा भारत गोसेवक समाज, 3 सदर थाना रोड, दिल्ली-6
12. श्री अक्षय कुमार जैन, सम्पादक, नवभारत टाइम्स, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।
13. डा० धर्म नारायण, अध्यक्ष, कृषि मूल्य आयोग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
14. डा० सी० कृष्ण राव, पशू-पालन आयुक्त, कृषि विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. श्री एच० ए० बी० परपिया, निदेशक, केन्द्रीय खाद्य तकनोलोजिकल अनुसंधान संस्थान, मैसूर।
16. डा० वी० कुरियम, अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, आनन्द (गुजरात)
17. सचिव, गोरक्षा समिति, नई दिल्ली।
18. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि भवन, नई दिल्ली।
19. ई० I, ई० II, ई० III, ई० IV, ई० V, लेखा I व II तथा बजट अनुभाग।
20. सूचना प्राधिकारी, कृषि विभाग, नई दिल्ली।
21. डा० वाई० के०, आलग, निदेशक, सरदार पटेल समाज तथा अर्थ अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को साधारण सूचना के लिए भारत के राज पत्र में प्रकाशित किया जाय।

बी० के० मलिक, निदेशक (ए० एच० एस० एस०)

नई दिल्ली, दिनांक 5 सितम्बर 1973

संकल्प

सं० 38-1/73-सी० ए०-1—भारत सरकार ने संकल्प संख्या 16-1/69-सी० ए०-11 दिनांक 7 जून, 1969 के अनुसार स्थापित भारतीय बागवानी विकास परिषद् को तत्काल पुनर्गठित करने का निर्णय किया है। पुनर्गठित परिषद निम्न प्रकार गठित की जायेगी :—

1. अध्यक्ष

एक गैर-सरकारी व्यक्ति भारत सरकार द्वारा नामजद किया जाएगा।

2. उपाध्यक्ष

कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) में भारत सरकार के अपर सचिव।

3. सदस्य

केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के प्रतिनिधि

(क) राज्य

निम्नलिखित राज्य सरकारों से एक-एक प्रतिनिधि जो सम्बन्धित राज्य के कृषि/बागवानी विभाग से नामजद किये जाएंगे:—

1. असम
2. हिमाचल प्रदेश
3. जम्मू तथा कश्मीर
4. महाराष्ट्र
5. मेघालय
6. मैसूर
7. पंजाब
8. राजस्थान
9. तमिल नाडु
10. उत्तर प्रदेश

(ख) केन्द्रीय सरकार

1. योजना आयोग का एक प्रतिनिधि
2. वाणिज्य मंत्रालय का एक प्रतिनिधि
3. भारत सरकार के कृषि आयुक्त
4. निदेशक, बागवानी अनुसंधान संस्थान, 255, अपर पैलेस और कार्डन बंगलौर (मैसूर)
5. विस्तार निदेशालय के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त आयुक्त (विस्तार प्रशिक्षण) अथवा उनकी जगह निदेशक, फार्म सूचना एकक।
6. निदेशक, केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर या उनका प्रतिनिधि।

(ग) उत्पादकों के प्रतिनिधि

(i) निम्नलिखित राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले 14 प्रगतिशील फल तथा सब्जी उत्पादक :—

1. आंध्र प्रदेश
2. असम
3. गुजरात
4. हरियाणा
5. हिमाचल प्रदेश
6. जम्मू तथा कश्मीर

7. महाराष्ट्र
8. मेघालय
9. मैसूर
10. पंजाब
11. राजस्थान
12. तमिल नाडु
13. उत्तर प्रदेश
14. पश्चिम बंगाल

(ii) दो उत्पादक भारत सरकार द्वारा नामजद किये जाएंगे ।

(ब) व्यापारियों के प्रतिनिधि :—
व्यापारियों के तीन प्रतिनिधि

(ङ) फल तथा सब्जी परिसंस्करण उद्योग
फल तथा सब्जी परिसंस्करण उद्योग के तीन प्रतिनिधि

(च) अन्य

(क) तीन संसद सदस्य

(ख) परिषद में जिन व्यक्तियों के हितों का प्रतिनिधित्व नहीं किया गया है, उनका प्रतिनिधित्व करने के लिये भारत सरकार समय-समय पर ऐसे अन्य सदस्य नामजद करेगी ।

4. सदस्य सचिव

निदेशक (बागबानी) कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग), नई दिल्ली

5. प्रेक्षक

(जो कि परिषद के सदस्य नहीं होंगे, लेकिन परिषद के विचार-विमर्श में सहायता करने के लिये निरपवाद आमंत्रित किये जायेंगे)

1. कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) को प्रत्यायित संयुक्त सचिव (वित्त) ।
2. कृषि विपणन सलाहकार ।
3. रेलवे का एक प्रतिनिधि ।
4. एन० ए० एफ० ई० डी० का एक प्रतिनिधि ।
5. भारतीय राज्य व्यापार निगम लिमिटेड का एक प्रतिनिधि
6. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, नई दिल्ली का एक प्रतिनिधि ।
7. परियोजना समन्वयक (फल)
8. परियोजना समन्वयक (सब्जी)
9. परियोजना समन्वयक (गुणोत्पादन)
10. संयुक्त आयुक्त (वाणिज्यिक फसल)
11. उप सचिव (फसल)
कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग)

कार्य

2. परिषद एक सलाहकार निकाय होगा और उसके निम्नलिखित कार्य होंगे :—

(1) केन्द्रीय/राज्य सरकारों द्वारा बनाये गये विकास कार्यक्रम पर विचार करना, समय-समय पर उनकी प्रगति की समीक्षा करना और प्रगति को तेज करने के लिये उपाय सुझाना;

(2) उद्योग के विकास, निर्यात बढ़ाने तथा इस सम्बन्ध में सरकार को सलाह देने की दृष्टि से जिन्सों के विपणन, परिसंस्करण, भंडारण, परिवहन तथा मूल्य नीति से सम्बन्धित समस्याओं की जांच-पड़ताल करने में गतिशील भूमिका अदा करना;

(3) कार्यक्रम तैयार करके अनुसंधान तथा विकास के बीच समुचित समन्वय स्थापित करना और अनुसंधान एजेंसियों को उस जिंस की बाजार की क्वालिटी की आवश्यकताओं के संबंध में सलाह देना ।

(4) निर्यात मण्डी की आवश्यकताओं पर विचार करना तथा उसके अनुरूप विकास कार्यक्रमों को समंजित करना; और

(5) जिन्स के विकास सम्बन्धी कार्यों में सहायता देने के लिये ऐसे अन्य कार्य करना, जो उसे समय-समय पर सौंपे जायें ।

3. भारतीय बागबानी विकास परिषद को अधिकार होगा कि वे विशेष महत्व के मामलों पर विचार करने तथा जहां आवश्यक हो सदस्यों को सहयोजित करने (जैसे कृषि विश्वविद्यालयों और अन्य विशेष दिलचस्पी रखने वालों) के लिये आवश्यकतानुसार स्थायी समिति, तकनीकी समिति और तदर्थ समिति स्थापित कर सकती है ।

4. परिषद की बैठक समय-समय पर प्रमुख बागबानी उत्पादक क्षेत्रों में व्यापार तथा उद्योग के महत्वपूर्ण केन्द्रों में होगी और यह भारत सरकार को अपनी सिफारिशें देगी ।

5. परिषद की अवधि 31-12-1976 तक होगी । परन्तु, संसद सदस्यों की संसद सदस्यता समाप्त होते ही उनकी परिषद की सदस्यता भी समाप्त हो जायेगी । भारत सरकार आवश्यकता पड़ने पर परिषद की अवधि बढ़ा या घटा सकती है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति समस्त राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, भारत सरकार के मंत्रालयों, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री के सचिवालय, लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय को भेजी जाए ।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

बी० सी० कपूर, अपर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक अगस्त, 1973

संकल्प

सं० 7-10/72-अर्थ नीति—भारत सरकार ने कृषि मूल्य आयोग को सलाह देने के लिए संकल्प सं० 6-26/69-अर्थ-नीति दिनांक 27 फरवरी 1971 के अनुसार गठित किए हुए

कृषकों के पैनल को पुनर्गठित करने का निर्णय किया है।

पैनल की सदस्यता निम्न प्रकार होगी :—

क्रम सं० (1)	राज्य (2)	नाम (3)
1.	आन्ध्र प्रदेश	डा० सी० एल० रयाडू, एम० बी० बी० एस०, अध्यक्ष, पंचायत समिति, गन्नावरम ब्लाक, कृष्ण जिला
2.	असम	श्री कुमुद चन्द्र डेका, ग्राम बेजकुची, पो० आ० पत्राचर कुची कामरूप।
3.	बिहार	श्री रघुनन्दन प्रसाद मुखिया, भगमारा ग्राम पंचायत, भगमारा, जिला सारन।
4.	गुजरात	श्री नाथूभाई मावजी भाई देसाई, देसाईवाड़े खेरलू, मेहसाना।
5.	हिमाचल प्रदेश	श्री चैन सिंह, ग्राम तथा डा० अम्ब, जिला ऊना।
6.	जम्मू तथा कश्मीर	श्री राम सिंह चरक, सतवरी (आर० एस० पोरा ब्लाक फार्म), श्रीनगर।
7.	केरल	श्री ए० पी० अमृतनाथ आयर, मनकोम्पू।
8.	मध्य प्रदेश	श्री विनय कुमार दीवान, एम० एल० ए० होशंगाबाद, भोपाल।
9.	महाराष्ट्र	श्री के० एम० पाटिल, एम० एल० ए०, डा० तथा जिला जलगांव, जलगांव।
10.	मणिपुर	श्री कोईजम चौबासिंह वैखम लोकाई इम्फाल।
11.	मेघालय	श्री हांग्मेन जोन्स, बी० ए०, लीसोऊ, बैली फार्म, डा० नेनगपोह, खासी हिल्ज।
12.	मैसूर	श्री के० एम० अब्दुर हफीज बी० ए०, एल० एल० बी०, भूतपूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, कोलार।
13.	नागालैण्ड	श्री एल० लुगालैन्जाज
14.	उड़ीसा	श्री बी० एम० पाणिग्रही, अथामालिक, जिला धेनल।
15.	पंजाब	श्री हरबंस सिंह, ग्राम चौनी, जिला होशियारपुर।
16.	राजस्थान	श्री रामरघुनाथ चौधरी, 385, सिविल लाइंस, जयपुर।
17.	तमिल नाडु	श्री अलादी अरुणा, एम० एल० ए०, आलनगुलम, अलादीपट्टी, डा० नालूर, तेनकासी तालुक
18.	उत्तर प्रदेश	श्री कृष्ण गोयल, एम० ए० ग्राम तथा डा० उझानी, बदायूं।
19.	पश्चिम बंगाल	श्री बंकिम त्रिवेदी, अंचल प्रधान, डा० तथा ग्राम पुरन्दारपुर जिला मुर्शिदाबाद।

संसद के चार सदस्यों की नियुक्ति अलग से अधिसूचित की जाएगी।

पुनर्गठित पैनल का कार्यकाल 27 अगस्त 1973 से एक साल तक के लिए होगा।

पैनल आवश्यकतानुसार अपनी बैठकें करेगा और कृषि मूल्य आयोग द्वारा सौंपे गए मामलों पर विचार करके सलाह देगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के समस्त मंत्रालयों तथा विभागों, राज्यों तथा केन्द्रीय शासित क्षेत्रों की राज्य सरकारों, योजना आयोग, प्रधान मंत्री, सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, भारत सरकार के महा-नियंत्रक तथा लेखा परीक्षक, अर्थशास्त्रियों के पैनल के समस्त सदस्यों, कृषि वैज्ञानिकों के पैनल, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) के समस्त संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सार्वजनिक जानकारी के लिए भारत सरकार के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए।

आई० जे० नायडू

अपर सचिव

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 सितम्बर 1973

सं० एफ० 15/8/72-एल० 2—संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबन्ध द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति एतद्द्वारा केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान (श्रेणी III और श्रेणी IV पद) भर्ती नियम 1970 को संशोधित करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

(1) इन नियमों को केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान (श्रेणी III और श्रेणी IV पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1973 कहा जाए।

(2) सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से ये लागू होंगे।

2. केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान (श्रेणी III और श्रेणी IV पद) भर्ती नियम, 1970 की अनुसूची में कालम 6 में 'अवर श्रेणी लिपिकों' और 'आशुलिपिकों' के पदों से संबंधित प्रविष्टि के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात:

"25 वर्ष"

एस० एस० भट्टाचार्य,
सहायक शिक्षा सलाहकार

नई दिल्ली, दिनांक 1 सितम्बर 1973

सं० एफ० 1-2/72-बाई० एस०-1(2)—अखिल भारतीय खेलकूद परिषद की कार्यकारी समिति के उन सदस्यों की कार्यविधि को, जो अधिसूचना सं० एफ० 1-2/72-बाई०एस०-1(2) दिनांक 2 मई 1972 तथा 15 नवम्बर 1972 के द्वारा नियुक्त किए गए थे। 1 मई 1973 से एक वर्ष के लिए एतद्द्वारा बढ़ाई जाती है :—

अध्यक्ष

जनरल पी० पी० कुमारमंगलम।

सदस्य

1. श्री जी० पार्थसारथी
2. श्रीमती स्टेफी सिक्यूरा
3. श्री एम० आर० कृष्ण, संसद सदस्य
4. श्री आर० टी० पार्थसारथी
